लाज मेरी कौन बचावेगा

हो तेरे बिन मेरे दादा देव , लाज मेरी कौन बचावेगा,
कौन बचावेगा लाज मेरी कौन बचावेगा हो तेरे बिन मेरे दादा देव ॥

मै हूँ दादा इक दुखियारा, तेरे नाम का मने सहारा ॥
मै तो रटता तेरी माला, पार मने तु लगावेगा ॥
हो तेरे बिन मेरे दादा देव.....

ना मै चाहूँ बगला कोटी, ना मने चाहिए हीरे मोती ॥
तेरे चरणा की धूल, सदा यो सेवक चहावेगा ॥
हो तेरे बिन मेरे दादा देव.........

ना कोई संगी ना कोई साथी, मै तेरा दीपक तू मेरी बाती ॥
दे सच्चा बिसवास, मने तु राहा दिखावेगा ॥
हो तेरे बिन मेरे दादा देव..........

ना मैं जानु पूजा अर्चन, देव करूं क्या तुझ को अर्पण॥
भूलण संग हरीश सदा गुण तेरे गावेगा ॥
हो तेरे बिन मेरे दादा देव......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/2973/title/ho-tere-bin-dada-dev-laaj-meri-kaun-bachavega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |